महत्वपूर्ण एवं खास

जुटमिल क्षेत्र के दो नाबालिग लापता

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस चौकी जुटमिल में 15 वर्ष के बालक तथा 14 वर्ष की बालिका के दिनांक 30.08.19 को घर में मीना बाजार जाने के नाम से निकले बच्चों के घर वापस नहीं आने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है । परिजनों ने बताया कि दिनांक 30.08.19 के शाम दोनों अपने-अपने घर पर सावित्री नगर मीना बाजार देखने जा रहे हैं कहकर निकले हैं और घर नहीं आये । परिजनों की रिपोर्ट पर अप.क्र. 678, 679/19 धारा 363 भादंवि दर्ज कर नाबालिगों की पतासाजी की जा रही है ।

नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना खरसिया में 17 वर्षीय बालिका द्वारा विद्यानंद पटैल उम्र 20 साल के विरूद्ध डरा धमकाकर करीब 09 माह से दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है । पीडिता के रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अप.क्र. 364/19 धारा 376,506 ता.हि. 4,6 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

35 वें चक्रधर समारोह का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया शुभारंभ

न्याय साक्षी/रायगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां रामलीला मैदान में दीप प्रज्जवलित कर 35 वें चक्रधर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गणेश एवं तीजा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की सांस्कृतिक विरासत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समारोह की पहचान देश एवं दुनिया में बनी है। राजा चक्रधर ने संगीत के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। राजा चक्रधर संगीत के माध्यम से लोगों का दिल जीतने वाले राजा के रूप में आम जनता स्मरण कर रही है। उन्होंने राजा चक्रधर के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राजा चक्रधर छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति के संरक्षक भी थे।

छत्तीसगढ़ में हमारी संस्कृति में हरेली, विश्व आदिवासी दिवस में अवकाश देकर सम्मान देने का कार्य शासन ने किया। रायगढ़ ने कला संस्कृति के नाम से एवं औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान बनायी है। उद्योग के क्षेत्र में केन्द्र शासन की नीतियों से सबसे ज्यादा प्रभाव रायगढ़ पर पड़ा है। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल को बधाई देते हुए कहा कि केबिनेट में प्रस्ताव लाकर खेल प्राधिकारण का गठन किया गया है, इससे बच्चे लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में विकास कार्य तेजी से करना है और यहां विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि 10 दिवसीय चक्रधर समारोह में ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उदघाटन समारोह में प्रस्तुति देने आए कलाकार गजल गायक मनहर उधास एवं कथक नृत्यांगना महुआ शंकर को सम्मानित किया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने कहा कि भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने के बाद लोगों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हरेली, तीजा भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल माटीपुत्र है। चक्रधर समारोह के मंच में इस वर्ष छत्तीसगढ़ के प्रतिभाओं को मौका दिया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक लालजीत सिंह राठिया, प्रकाश नायक, चक्रधर सिंह सिदार एवं श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र यादव, सभापति सलीम नियारिया, राजपरिवार के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

लोहे का कत्ता लेकर घूम रहे व्यक्ति पर आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

» चक्रधरनगर पुलिस ने कच्ची महुआ शराब की भट्टी लगाने की सूचना की कार्यवाही

» बरमकेला, कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में सट्टा लिखने वालों पर कार्यवाही

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना कोतरारोड़ पेट्रोलिंग पार्टी ने दोपहर करीब डेढ बजे जिंदल अस्पताल रोड़ पार्किंग के बगल में आम रोड़ पर त्रिलोकी भारती पिता हरिकिशुन भारती उम्र 35 वर्ष, सा0 ग्राम पलियात मटिया थाना रसुलपुर जिला छपरा(बिहार) हा0मु0 आजाद चौक किरोड़ीमल नगर को एक कत्तानुमा अर्ध चन्द्राकार लोहे का हथियार के साथ पकड़े । त्रिलोकी भारती आम रोड़ पर अवैध हथियार से रोड़ में आने जाने वालों को डरा रहा था । आरोपी के विरूद्ध थाना कोतरारोड़ में 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही किया गया है ।

थाना चक्रधरनगर की पेट्रोलिंग वाहन में अपराध विवेचना पर गये सउनि बी.एस.डहरिया को मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम गोपालपुर कोरियादादर में सुरेन्द्र बडेक नामक व्यक्ति अपने घर के परछी में कच्ची शराब हाथ भट्ठी लगाकर महुआ शराब अवैध बिक्री के लिये बनाता है । सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया । आरोपी को तबल करने पर शराब बनाने का छोटे बडे मिलाकर 03 नग एल्यूमिनियम का गंज तथा एक नग स्टील का गंज एवं 12 लिटर महुआ शराब लाकर पेश किया कच्ची शराब का अनुमानित किमत 1200/रू तथा शराब बनाने का गंज का किमत 1000/रू जुमला 2200/रू के मशरूका की जप्ती आरोपी आरोपी के घर से की गई है । आरोही सुरेन्द्र बडेक पिता भजो बडेक उम्र 45 वर्ष निवासी कोरियादादर के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 34(1)(क), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है ।

दिनांक 31.08.19 को बरमकेला स्टाफ द्वारा सुभाष चौक के बरमकेला के पास पुजारी होटल के पीछे शेख जहिरूद्दीन खान पिता शेख रियाजुद्दीन खान उम्र 30 वर्ष निवासी हास्टल पारा बरमकेला को 12400 रूपये का सट्टा पट्टी नगदी रकम 4380 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया ।

थाना कोतरारोड़ स्टाफ द्वारा दिनांक 31.08.19 के शाम कोसमनारा तालाब के पास सटटा पटटी लिखते हुये छबिलाल सिदार पिता सुन्दर लाल सिदार उम्र 60 वर्ष सा0 कोसमनारा थाना कोतरारोड को पकड़ा गया जिसके पास से सट्टा-पट्टी व नगदी रकम 1010/- रूपये जप्त किया गया है । आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट की धारा 4(क) के तहत कार्यवाही किया गया है ।

35वाँ चक्रधरः संगीत नृत्य के गुणों से पूर्ण है प्रतीक चिन्ह - मनोज श्रीवास्तव

न्याय साक्षी/रायगढ़। 02 से 11 सितम्बर तक रायगढ़ में आयोजित होने वाले 35वाँ चक्रधर समारोह- 2019 के प्रतीक चिन्ह के समूचे रेखांकन में गति, वेग, ऊर्जा, स्फूर्ति, चुस्ती, लय, ताल, एवम् संगीत नृत्य का गुण समाहित है।

में, नृत्य मुद्रा का सांकेतिक रूप से प्रयोग किया गया है जो कथक की मुद्रा से प्रभावित है। कथक का रायगढ़ घराना संगीत सम्राट महाराजा चक्रधर सिंह जी की प्रमुख देन है। इसके साथ ही म्युजिकल नोड एवम् तबले का संयोजन है। तबला, संगीत सम्राट महाराजा चक्रधर सिंह जी का प्रमुख वाद्ययंत्र रहा है।

रेखांकन के उक्त समस्त रिदमिक प्रभाव के साथ यह स्वयं में चित्रात्मकता प्रस्तुत करती है, चुस्ती, स्फूर्ति के गुणों के कारण यह खेल भावना भी दर्शाती है।

प्रतीक चिन्ह के इस रेखांकन में आंकिक रूप से नृत्य की सांकेतिक मुद्रा अंक तीन का प्रतिनिधित्व करती है। म्युजिकल नोड 5 का प्रतिनिधित्व करती है। अर्थात् - 35 वर्ष 2019 में, रायगढ़ का यह 35वाँ चक्रधर समारोह है।

इस प्रतीक चिन्ह का रूपांकन, रायगढ़ अंचल के राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध आर्टिस्ट, डिजाइनर, कैलीग्राफर एवं

विजुअलाइजर मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा तैयार किया गया है। श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में अधिकारी है और कला के विभिन्न क्षेत्रों में रूचि रखते है।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium) में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्गदर्शन बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480